

# नए मुख्यालय में आयुक्त का कैबिन तैयार नहीं



**गुरुवार को हुआ था अटल भवन का लोकार्पण**

**खिड़कियों से आती गर्म हवा में कार्य कर रहे कर्मचारी**

**विजय शर्मा**

**भोपाल, 8 मई. नगर निगम के नए मुख्यालय 'अटल भवन' का लोकार्पण तो गुरुवार को हो गया. लेकिन अभी तक कार्य ही पूरे नहीं हो पाए हैं. इस बात की पुष्टि आठवीं मंजिल पर किए जा रहे कार्य का देख कर की जा सकती है.**

शुक्रवार को नवभारत संवाददाता ने आठवीं मंजिल पर जाकर देखा तो वहां निगम आयुक्त के लिए कैबिन और उनके स्टाफ के बैठने के लिए अभी कार्य ही चल रहा है. आयुक्त के कैबिन को दूसरे कैबिन की दीवार तोड़कर बड़ा किया जा रहा है. कहीं दरवाजे को बंद करने दीवार खड़ी की गई है. जिसकी अभी पुताई तक नहीं की गई है. फर्नीचर का कार्य चल रहा है.

### न लगे पर्दे, न ठंडे पानी की व्यवस्था

तीन महीने से इस भवन में नगर निगम को शिफ्ट करने की तैयारी चल रही थी. इस दौरान अधिकतर सभी विभागों के कार्यालय शिफ्ट हो गए. लेकिन यहां पर न ही खिड़कियों में पर्दे लगे, न कर्मचारियों के लिए कूलर और न पीने के लिए ठंडे जल की व्यवस्था की जा सकी है. कर्मचारी भरी गर्मी में खिड़कियों से आती गर्म हवा में कार्य करने को मजबूर हैं. पीने का पानी बॉटलों से बाहर से बुलाया जा रहा है. अधिकारियों के कैबिन के एसी भी चालू नहीं किए गए हैं. ऐसे मुख्यालय का लोकार्पण मुख्यमंत्री से करवाया गया.



# बोट क्लब पर अतिक्रमण बना परेशानी का कारण

**▸ शाम होते ही लगने लगता है जाम**

**निज संवाददाता**

**भोपाल, 8 मई. श्यामला हिल्स स्थित बोट क्लब क्षेत्र में लगातार बढ़ते अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है. यह क्षेत्र राजधानी का प्रमुख पर्यटन स्थल माना जाता है जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और बाहरी पर्यटक घूमने पहुंचते हैं.**

सड़क किनारे बढ़ती अस्थायी दुकानें, खड़े किए जा रहे वाहनों और खराब होती व्यवस्थाओं के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था होने के बावजूद कई वाहन चालक अपनी गाड़ियां सड़क किनारे कहीं भी खड़ी कर देते हैं.इस कारण सड़क का स्पेस लगातार कम होता जा रहा है.शाम के समय स्थिति और अधिक खराब हो जाती है जब बड़ी संख्या में लोग घूमने पहुंचते हैं और ट्रैफिक जाम लग जाता है.

वाहनों की लंबी कतारों के कारण लोगों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है वहीं कई बार वाहन मोड़ने तक में कठिनाई होती है.बोट क्लब परिसर में लगी फर्श की ब्लॉक भी उखड़ती दिखाई दे रही हैं और लाइट के खंबे भी छतिग्रस्त दिखाई दिए जिससे लोगों को खतरा बना हुआ है.

### ▶ व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत

पर्यटकों का कहना है कि राजधानी के प्रमुख पर्यटन स्थल की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है .जयपुर से घूमने आए पर्यटक अमित मिश्रा ने नवभारत को बताया कि भोपाल की खूबसूरती में लेक व्यू का बड़ा योगदान है लेकिन यहां की पार्किंग व्यवस्था ठीक नहीं दिखाई दी .चारपहिया वाहन चालक अपनी गाड़ियां कहीं भी खड़ी कर रहे हैं और सड़क किनारे दुकानें लगने के कारण रास्ता संकरा हो गया है .जिससे वाहन निकालने मोड़ने में काफी परेशानी हो रही.

## ▸ एक नजर में ◂

### आज होगी नेशलन लोक अदालत

**भोपाल.** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है. यह आयोजन जिला न्यायालय भोपाल एवं सिविल न्यायालय बैरसिया सहित श्रम न्यायालयों में किया जाएगा. नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु कुल 61 खंडपीठों का गठन किया गया है.

### रेल्वे ने निगम की भूमि पर बिना अनुमति दीवार बनाई

**भोपाल.** नगर निगम की भूमि को रेलवे विभाग ने दीवार बनाकर अपने कब्जे में ले लिया है. इस बात की जानकारी शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत जागरुकता अभियान के दौरान पता चली. इस दौरान शहर नगर निगम आम जनता को खुले में शौच से रोकने के लिए मूत्रालय बना रहा है. निगम के यांत्रिक विभाग द्वारा ऐशबाग रोड पर निगम स्वामित्व की भूमि पर स्वच्छता बनाये रखने व नागरिकों की सुविधा के दृष्टिगत मूत्रालय का निर्माण किया जा रहा है. निगम स्वामित्व की उक्त भूमि पर रेलवे द्वारा निगम की अनुमति बिना सीमा दीवार का निर्माण कर भूमि को अपने कब्जे में ले लिया है. रेलवे को उक्त कब्जे को तत्काल हटाने हेतु निगम प्रशासन ने रेल्वे विभाग को पत्र लिखा है. निगम प्रशासन ने पत्र में कहा कि उक्त सीमा दीवार को तत्काल नहीं हटाया गया तो नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी.

# ग्रीन कॉरिडोर बनाकर गंभीर मरीज को दिल्ली भेजा

**भोपाल,8 मई. सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा के उद्देश्य से नगरीय यातायात पुलिस भोपाल ने शुक्रवार को गंभीर मरीज को समय पर इलाज दिलाने के लिए विशेष ग्रीन कॉरिडोर तैयार किया.**

बंसल हॉस्पिटल में भर्ती 54 वर्षीय सत्यभान सिंह की हार्ट और लंग्स की स्थिति अत्यंत गंभीर बताई गई.उन्हें बेहतर उपचार के लिए नई दिल्ली स्थित स्कोड हॉस्पिटल शिफ्ट किया गया. जानकारी के अनुसार स्कोड हॉस्पिटल नई दिल्ली से डॉक्टरों की टीम सुबह करीब 8 बजे भोपाल पहुंची थी. यातायात पुलिस ने एयरपोर्ट से बंसल हॉस्पिटल तक ग्रीन कॉरिडोर बनाकर डॉक्टरों की टीम को कम समय में अस्पताल पहुंचाया.इसके बाद सुबह लगभग 11 बजकर 40 मिनट पर विशेष एंबुलेंस के माध्यम से मरीज को बंसल हॉस्पिटल से एयरपोर्ट तक पहुंचाया गया. करीब 24 किलोमीटर लंबे इस ग्रीन कॉरिडोर को शहर के व्यस्ततम यातायात के बीच तैयार किया गया.यातायात पुलिस ने मार्ग पर ट्रैफिक को नियंत्रित कर एंबुलेंस को बिना किसी बाधा के तेजी से एयरपोर्ट तक पहुंचाया.वहां से मरीज को एयर एंबुलेंस के जरिए नई दिल्ली रवाना किया गया.

# 4 अधिकारियों की होगी विभागीय जांच

### 90 डिग्री मोड़ के कारण आया था चर्चा में यह ब्रिज

**भोपाल, 8 मई. शहर के ऐशबाग क्षेत्र में ब्रिज निर्माण कार्य में अनियमितताओं से जुड़े प्रकरण में चार अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश हुए हैं. ब्रिज की डिजाइन में कथित तौर पर 90 डिग्री मोड़ के कारण यह चर्चा में आया था और सोशल मीडिया पर यह वायरल हो गया था.**

इस घटनाक्रम के चलते उस समय 7 अधिकारियों के विरुद्ध निलंबन कर आरोपपत्र जारी किए गए थे. सभी अधिकारियों द्वारा नोटिस का जवाब प्रस्तुत किया गया. जवाब का तीन वरिष्ठ इंजीनियरों द्वारा परीक्षण किया गया, परीक्षण में पाया गया कि ऐशबाग ब्रिज में एंगल 90 डिग्री न होकर 119 डिग्री है और जगह की कमी के कारण जितना अधिक से अधिक एंगल हो सकता था, वह रखा गया है. परंतु निर्माण के दौरान दोनों तरफ़ के स्लैब को सीधी लाइन से मिलाने के कारण सही कर्व नहीं मिल पाया.

### उस समय निलंबित चारों अधिकारी हुए बहाल

विभाग का कहना है कि यह भी पाया गया कि रेलवे के अधिकार क्षेत्र में किए गए निर्माण में सर्कुलर पिलर के स्थान पर वाल टाइप पिलर बनाये गए. इस पर कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित करने एवं दंड प्रस्तावित करने के लिए विभागीय जांच संस्थित की गई है. विभागीय जांच के आधार पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी. निलंबन से सभी अधिकारियों को बहाल किया गया है. इन अधिकारियों में तत्कालीन प्रभारी मुख्य अभियंता जी पी वर्मा, प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी रवि कुमार शुक्ला, तत्कालीन उपयंत्री उमाशंकर मिश्रा और तत्कालीन प्रभारी कार्यपालन यंत्री जावेद शकील शामिल हैं.

# 22 हजार रुपए की अवैध शराब जब्त



**भोपाल, 8 मई. शाहजहांनाबाद पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 54 लीटर अवैध शराब जब्त की है. पुलिस ने आरोपियों के पास से देशी मदिरा प्लेन के 300 क्वार्टर बरामद किए हैं जिनकी कीमत करीब 22 हजार 800 रुपये बताई गई है.**

मुख्य आरोपी हाल ही में जेल से छूटकर आया था और उसके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आशीष बडगुजर निवासी वाजपेयी नगर और विशाल कनाडे निवासी वाजपेयी नगर के रूप में हुई है. पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी आशीष बडगुजर के खिलाफ पहले से 21 आपराधिक मामले दर्ज हैं जबकि विशाल कनाडे पर भी 4 मामले दर्ज हैं.

### ढाई लाख रुपए का गांजा जब्त, युवक गिरफ्तार

**भोपाल.** क्राइम ब्रांच भोपाल ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए रानी कमलापति स्टेशन से एक युवक को 9.570 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है.पुलिस ने आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है.जब्त माल की कुल कीमत करीब 2 लाख 65 हजार रुपये बताई जा रही है. क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली कि रानी कमलापति स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 5 स्थित हनुमान मंदिर के पास एक युवक आसमानी रंग के ट्रॉली बैग में गांजा लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है.पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आयुष शिवहरे पिता नरेंद्र शिवहरे उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम चिरगांव जिला झांसी उत्तरप्रदेश बताया.

# स्कूलों में पानी, शौचालय की करें व्यवस्था



**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 8 मई. संभागीय कार्यालय में शुक्रवार को समय सीमा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संभागायुक्त संजीव सिंह ने बारिश से पहले शासकीय स्कूलों की व्यवस्थाओं को दुरस्त करने के निर्देश ने दिए.**

उन्होंने कहा कि संभाग में ऐसा कोई शासकीय स्कूल नहीं बचना चाहिए, जहां बारिश से पहले पानी व शौचालयों की व्यवस्था न हो. ऐसे सभी स्कूलों को चिहिन्त कर एक रिपोर्ट तैयार करें, जहां पर विद्यार्थियों व शिक्षकों के लिए पानी,शौचालय की व्यवस्था नहीं है. संभागयुक्त ने जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि भोपाल संभाग के 4 लाख 37 हजार 381 किसानों ने गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन कराया था. इसमें अभी तक 3 लाख 52 हजार 809 किसानों ने स्लॉट बुक कराएं हैं.

संभाग के सभी जिलों में उपार्जन केंद्रों पर 02 लाख 40 हजार 509 किसानों से 15 लाख 94 हजार 094 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है. साथ ही 02 हजार 354 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया जा चुका हैं और 14 लाख 61 हजार 715 मीट्रिक टन गेहूं का परिवहन भी किया जा चुका है.


### किसानों को कोई परेशानी न हो

संभागायुक्त कहा कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड से वरिष्ठ लोग वंचित नहीं रहने चाहिए. 70 या इससे अधिक उम्र के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाएं. संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए. इस काम में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

# बिना अनुमति बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई का आरोप

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल,8 मई.मानस भवन के पीछे शुक्रवार को बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई किए जाने का मामला सामने आया है. स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि मानस भवन ट्रस्ट द्वारा बिना नगर निगम और एनजीटी की अनुमति के सैकड़ों पेड़ काटे जा रहे हैं.**



इस घटना को लेकर क्षेत्र में नाराजगी बढ़ती जा रही है और पर्यावरण प्रेमियों ने भी चिंता जताई है. वार्ड 24 की पार्षद शबिस्ता आसिफ जकी ने मामले को गंभीर बताते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है. उन्होंने कहा कि शहर में लगातार हरियाली कम होती जा रही है.

# निगम ने हटाए अतिक्रमण, सामान जब्त

**भोपाल, 8 मई. नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने शुक्रवार को शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की. यह कार्रवाई यातायात को प्रभावित करने वालों पर की गई. निगम ने सामान भी जब्त कर लिया.**



कोलार निर्मलादेवी गेट, ललिता नगर, राजहर्ष कालोनी, शाहपुरा, नेहरू नगर, शबरी नगर तिराहा, जवाहर चौक, सरस्वती नगर, न्यू मार्केट, लिंक रोड नं 1,2,3, एमपी नगर डीबी मॉल, बावड़िया कलां, आई.टी.आई रोड, प्रभात चौराहा, परिहार चौराहा, अशोका गार्डन दशहरा मैदान, महामाई का बाग, रेल्वे स्टेषन प्लेटफार्म नं-1 व प्लेटफार्म नं0-6,, हमीदिया रोड, भोपाल टाकीज, इमामी गेट, पीरगेट, जहांगीराबाद शब्बन चौराहा, बैरागढ़ आदि क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की. कोलार क्षेत्र में 2 मकानों के सामने अवैध रूप से लगी लोहे की जालियां, बैरागढ़ क्षेत्र में बना स्पीड ब्रेकर, महामाई बाग में चबूतरे को तोड़ा गया.






**निरीक्षण** ▶ सीएमएचओ ने घर-घर पहुंचकर ली जानकारी

# स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत जानी

**भोपाल, 8 मई. राजधानी के शहरी क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं और टीकाकरण अभियान की वास्तविक स्थिति जानने के लिए सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने मोर्चा संभाला लिया है. जिसके तहत शुक्रवार को उन्होंने न केवल आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया बल्कि सीधे हितग्राहियों के घर पहुंचकर सेवाओं का फीडबैक भी लिया.**



निरीक्षण के दौरान डॉ. शर्मा ने विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुंचकर नियमित टीकाकरण सत्रों का जायजा लिया. उन्होंने गर्भवती महिलाओं व बच्चों को लगाए गए टीकों की जानकारी ली. इसके साथ ही उन्होंने यूविन पोर्टल पर की जा रही डिजिटल डाटा एंट्री की भी गहन समीक्षा की. सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा स्वयं हितग्राहियों के घर पहुंचे. उन्होंने माताओं और परिजनों से चर्चा कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर फीडबैक लिया. एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत दी जा रही आयरन की खुराक के बारे में भी परिजनों से पूछताछ की गई.

### आयुष्मान वय वंदन कार्ड के लिए निर्देश

डॉ. शर्मा ने कार्यकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि आयुष्मान वय वंदन कार्ड योजना से वंचित रह गए वरिष्ठ नागरिकों की तत्काल लिस्टिंग तैयार की जाए. उन्होंने कहा कि कार्ड निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए ताकि बुजुर्गों को उपचार की सुविधा मिल सके. निरीक्षण के दौरान एकतापुरी स्थित संजीवनी क्लीनिक में पेयजल भंडारण की समस्या सामने आई,जिस पर डॉ. शर्मा ने नगर निगम के अधिकारियों से समन्वय कर वहां पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.